कार्यालय पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी

प्रेस नोट

दिनांक-17.05.2023

थाना रोहनिया पुलिस टीम द्वारा चोरी के मुकदमे मे वांछित अभियुक्त चंद्रभान गिरफ्तार, कब्जे से चोरी गया 01 अदद एंड्रॉयड मोबाईल फोन बरामद।

श्रीमान पुलिस आयुक्त वाराणसी के वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी व चोरी/लूट की घटनाओं के अनावरण हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में श्रीमान पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के निर्देशन मे, श्रीमान अपर पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के पर्यवेक्षण मे, श्रीमान सहायक पुलिस आयुक्त रोहनिया के नेतृत्व मे थाना रोहनिया पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर मु0अ0सं0-0023/2023 धारा 379/411 भादवि से संबंधित वांछित अभियुक्त चन्द्रभान पुत्र जय कुमार निवासी मेरिया थाना चुनार जिला मिर्जापुर को चोरी गये 01 अदद एंड्रॉयड मोबाईल के साथ आज दिनांक-17.05.2023 को समय 13.20 बजे बच्छाव बाजार से गिरफ्तार किया गया। उक्त के सम्बन्ध में थाना रोहनिया पुलिस द्वारा आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-

चन्द्रभान पुत्र जय कुमार निवासी मेरिया थाना चुनार जिला मिर्जापुर, उम्र करीब 28 वर्ष।

विवरण पूछताछ-

अभियुक्त चंद्रभान ने पूछताछ करने पर बताया कि मैने यह मोबाईल इसी साल जनवरी में करसड़ा बाजार से एक दुकान से चुराया था और तब से अपने पास रखा था। आज इसे बेचने के लिए किसी ग्राहक की तलाश कर रहा था कि आप लोगो के द्वारा पकड़ लिया गया।

बरामदगी का विवरण-

01 अदद एन्ड्रायड मोबाईल रेडमी कलर ग्रे IMEI NO.01-869956052848283 IMEI NO -02-869956052848291 बरामद।

गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम का विवरण-

1.उ0नि0 अभिषेक तिवारी थाना रोहनिया कमि0 वाराणसी।
2.हे0का0 विमलेश राय थाना रोहनिया कमि0 वाराणसी।
3.का0 जितेन्द्र कुमार थाना रोहनिया कमि0 वाराणसी।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त
वरुणा जोन, कमिश्नरेट वाराणसी